प्रेस विज्ञप्ति

31.08.2026 – अखिल भारतीय

## एलआईसी मना रही है विश्वास के 70 गौरवशाली वर्ष

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी तथा राष्ट्रीय महत्व की वित्तीय संस्था, 1 सितंबर 2026 को अपनी स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने का गौरवपूर्ण उत्सव मना रही है।

1 सितंबर 1956 को अपनी स्थापना के बाद से ही एलआईसी ने देश के कोने-कोने में जीवन बीमा का व्यापक प्रसार करने तथा उचित लागत पर वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध करवाकर विश्वास, सेवा, वित्तीय सुदृढ़ता और भारत के लोगों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के आधार पर अपनी सात दशकों की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी की है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में एलआईसी ने बाजार में अपने अग्रणी स्थान को बनाए रखा है। इस अवधि में पॉलिसियों की संख्या के आधार पर एलआईसी की बाजार में हिस्सेदारी 65.16% तथा प्रथम वर्ष प्रीमियम आय के आधार पर 56.66% रही। कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (AUM) में 5.08% की वृद्धि हुई और यह बढ़कर ₹57.29 लाख करोड़ हो गई है।

बीमा क्षेत्र में निजी भागीदारी के लिए बाजार खोले जाने के बावजूद, एलआईसी ने भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी के रूप में अपनी स्थिति कायम रखी है। इसके व्यापक शाखा नेटवर्क, एजेंटो के विशाल समूह और डिजिटल मंचों ने इस नेतृत्व को और मजबूत किया है। एलआईसी ने व्यक्तियों और परिवारों की विविध वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जीवन बीमा, पेंशन तथा बाजार-आधारित विभिन्न उत्पाद उपलब्ध कराएं हैं।

एलआईसी की विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मई 2022 था, जब इसका आईपीओ (IPO) आया, जिसके बाद इसके शेयर एनएसई NSE और बीएसई BSE में सूचीबद्ध हुए। निगम ने सुशासन, पारदर्शिता, डिजिटल परिवर्तन और ग्राहक सेवा पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत किया है।

एलआईसी की गोल्डन जुबिली फाउंडेशन (GJF) की स्थापना वर्ष 2006 में निगम की सामुदायिक सेवा की पहल के अंतर्गत की गई थी। अब तक फाउंडेशन द्वारा देशभर में संचालित 1,045 परियोजनाओं के लिए ₹303 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, जरूरतमंद छात्रों को ₹105.27 करोड़ की राशि की 41,776 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई हैं।

एलआईसी ने अपने डिजिटल मंचों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे उसके विशाल ग्राहक वर्ग के लिए सुविधा और कार्यकुशलता का एक नया युग शुरू हुआ है। माय एलआईसी एप (MyLIC App) सहित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म  ने ग्राहकों के लिए सुविधा, सुगमता और सेवा-प्रदाय को और बेहतर बनाया है।

अपनी 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर एलआईसी अपने पॉलिसीधारकों, शेयरधारकों, कर्मचारियों, अभिकर्ताओं और अन्य हितधारकों द्वारा वर्षों से व्यक्त किए गए विश्वास और सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है। “योगक्षेमं वहाम्यहम् – आपका कल्याण हमारी जिम्मेदारी” के मूल मंत्र से प्रेरित एलआईसी जीवन की सुरक्षा, वित्तीय सुदृढ़ता और अपने ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं की पूर्ति के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है।

अपनी इस गौरवशाली विरासत को जारी रखते हुए एलआईसी नए संकल्प और नई ऊर्जा के साथ निरंतर सेवा, प्रगति और विकास के भविष्य की ओर अग्रसर है।

मुंबई , दिनांक 31 अगस्त, 2026

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण) भारतीय जीवन बीमा निगम , केंद्रीय कार्यालय, मुंबई , ईमेल आईडी -  ed_cc@licindia.com , हमारी वेबसाईट - www.licindia.in पर क्लिक करें।

---

हमें विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी एवं रुचिकर होगा। यद्यपि हम इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए आपके आभारी होंगे, तथापि हम यह भी भली-भाँति समझते हैं कि इसके प्रकाशन का निर्णय पूर्णतः आपका है।